✨*राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका*✨

***मैं नहीं आप***

***NOT ME BUT YOU***

***राष्ट्रीय सेवा योजना***

*"NATIONAL SERVICE SCHEME"*

***शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)***
***हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)***

# *कार्यक्रम विवरण :-*

***Date 21 june 2022***

***अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस***

**शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एनएसएस और योगा विभाग के तत्वधान में आयोजित किया गया।**
**इस कार्यक्रम में योग शिक्षिका प्रो. नीरा सिंह द्वारा योग से होने वाले महत्वपूर्ण फायदों के बारे में जानकारी दी गई, तथा योग करके बताया गया।**
**इस योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डाॅ.अनुपमा अस्थाना एवं समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारियों एवं "एन एस एस "एन.सी.सी., तथा स्पोर्टस के छात्र/छात्रायें योगदिवस में सम्मिलित हुए ।**



***Date 29 june 2022***

## ***नशा निवारण  दिवस का आयोजन !***





***Date 21 july 2022***

## ***नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला***

**शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) एवम यूथ रेडक्रॉस के द्वारा दिनांक 20.07.2022 को नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप् में अजय कल्याणी, निदेशक कल्याणी ग्रुप एवम विशेष अतिथि के रूप में श्री चिरंजीवी राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने कि अपने संबोधन में प्राचार्य ने युवाओं में बढ़ते नशे की आदत के प्रति चिंता व्यक्त की,जिसके पश्चात मुख्य अतिथि अजय जी ने नशे के दुष्प्रभाव एवम नशा मुक्ति केंद्र की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की जिसके पश्चात स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 6-18 वर्ष के बच्चे किस प्रकार अपने घर से नशा करना सीखते है इसके बारे में जानकारी दी। साइंस कॉलेज दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की 20 छात्राओं मानसी यदु, प्रतिभा कुमारी, आस्था अग्रवाल , दामिनी वर्मा , एकता रामटेके , आशा सोनवानी , पायल देवांगन , वंदना हरिनखेड़े , वर्षा चतुर्वेदी, दीक्षा साहू , श्रृष्टि राजपूत, संध्या चिपेकर , वैशाली देवांगन , रीना यादव, सोनाली पात्रों, निक्की साव , भारती वर्मा ने कल्याणी फाइटर्स ग्रुप का गठन किया है जो गत 1.5 महीनो से 6-18 वर्ष के बच्चों में बढ़ती नशे की लत को दूर करने हेतु अजय कल्याणी सर के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , शासकीय महाविद्यालय अरजुंदा, शैलदेवी महाविद्यालय ,शासकीय डॉ वा वा पाटनकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग , एवम अन्य महाविद्यालय से 100 छात्र छात्राओं ने भाग लिया । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इंचार्ज डॉ तरलोचन कौर, प्रो जैनेंद्र कुमार दीवान, इतिहास विभाग से डॉ अनिल कुमार पांडेय , डॉ ज्योति धारकर, डॉ कल्पना अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की मानसी ,प्रतिभा ,आंचल, जया, दामिनी, एकता, प्रशांत यूथ रेडक्रॉस के आलोक, प्रवीण, देवेश, ओमप्रकाश का विशेष योगदान रहा ।**






***Date 26 july 2022***

## ***साइंस कॉलेज दुर्ग में घर घर तिरंगा झंडा यात्रा का शुभारंभ किया गया***

**साइंस कॉलेज दुर्ग की NSS इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय से घर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। महविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने इस अवसर पर एनएसएस छात्र छात्राओं को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने घर घर तिरंगा झंडा यात्रा के लिए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

**एनएसएस इकाई ने महाविद्यालय परिसर में नारे एवं जयघोष से देश भक्ति एवं राष्ट्रीय अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयं सेवकों ने देश भक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने घर घर तिरंगा झंडा यात्रा के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रत्येक स्टॉफ को तिरंगे को ससम्मान अपने घरों में लगाने हेतु प्रेरित किया।**

**एनएसएस छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि घर घर तिरंगे के महत्त्व को जन जन तक पहुंचाने हेतु किया जा रहा है। एनएसएस स्वयं सेवक लोगो के बीच पहुंच कर तिरंगे के का महत्व बताएंगे और देशभक्ति की भावना जगाएंगे।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कवर्धा से आए कार्यक्रम अधिकारी श्री हेमधर साहू जी का व्याख्यान एनएसएस छात्र छात्राओं के लिए रखा गया । जिसमें उन्होंने ओजपूर्ण मधुर गीतों एवम् संबोधन से विद्यार्थियों को उत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि सभी को भारतीय ध्वज संहितायें 2002 अधिनियम-1971 में दिए गए राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान बनाये रखने हेतु प्रदर्शित/फहराते समय अत्यधिक सावधानी रखें।**

**इस अवसर पर छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान भी उपस्थित थीं। सभी एनएसएस स्वयं सेवकों ने इस आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया जिसमें दलनायक लेविस कुमार, उपदलनायक कमलेश, उपदलनायक डेनिल कुमार, वरिष्ठ स्वयं सेवक पारस, प्रशांत वर्मा ने उल्लेखनीय योगदान दिया।**



*Date 01 August 2022*

***पौधा गोद लेने का दिन***

**साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डा◌ॅ.आर.एन. सिंह, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने पौधों को गोद लेकर इनकी रक्षा का संकल्प लिया**

**साइंस कॉलेज दुर्ग में हरेली पर्व एवं विश्व प्रकृति सरंक्षण दिवस पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन वनस्पति शास्त्र विभाग , "राष्ट्रीय सेवा योजना" एवं पर्यावरण समिति के ,संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम समन्वयक एवं ग्रीन आर्मी के संयोजक डॉ विजय लक्ष्मी नायडू ने पौधो को गोद लेने के महत्त्व इससे पर्यावरण की सुरक्षा से सभी को अवगत कराया।**
**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने सभी प्राध्यापको एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि वे सभी एक एक पौधे को गोद लेकर आजीवन उनकी रक्षा करेंगे। सभी पौधों पर गोद लेने वाले का नाम अंकित किया गया।**
**इसी प्रकार एनएसएस के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पचास से अधिक पौधों को महाविद्यालय परिसर में लगाया गया। जिसमें विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे थे जिसमें अमरूद, कटहल, नींबू, कुसुम, बादाम तथा नीम प्रमुख थे।**
**एनएसएस अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि इस अवसर पर एनएसएस स्वयं सेवकों ने सघन वृक्षारोपण जागरूकता हेतु रैली का भी आयोजन किया। जिसमें उन्होंने विभिन्न पर्यावरण संरक्षण हेतु श्लोगन एवं नारों के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में सभी छात्र छात्राओ को जागरूक करने का प्रयास किया।**
**इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिसमे कामर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ओ पी गुप्ता, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. जगजीत सलूजा, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अनुपमा अस्थाना , वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव, डा◌ॅ.आर.एस. सिंह, प्रो. थानसिंह वर्मा, डॉ जी एस ठाकुर, डॉ संध्या अग्रवाल, डॉ रचिता श्रीवास्तव, डॉ श्रीराम कुंजाम, डॉ सतीश सेन, श्रीमती लतिका ताम्रकार ग्रीन आर्मी के संयोजक डॉ विजय लक्ष्मी नायडू, डॉ प्रतिभा शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी श्री लक्ष्मेंद्र कुलदीप, श्री मोतीराम साहू उपस्थित थे।**
**यह पौध रोपण का कार्यक्रम एनएसएस दल नायक लेविस कुमार, कमलेश कुमार, डेनिल, पारस, प्रशांत सहित सभी एनएसएस स्वयं सेवकों के सहयोग से संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम के अंत में वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा.ॅरंजना श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।








***Date 15 august 2022***

***आजादी के अमृत काल में स्वर्ण राष्ट्र का निर्माण हमारी प्राथमिकता***

**शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डा.ॅआर.एन. सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों में भारत एक सबल एवं सुदृढ़ प्रजातांत्रिक देष बन चुका है। अनेक प्राकृतिक आपदाओं एवं वैष्विक महामारी के काल में भारत तुलनात्मक रूप से विष्व के अन्य देषों की तुलना में बेहतर साबित हुआ है। प्राचार्य महोदय ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि झंडे के केसरिया रंग आंतरिक शक्ति, साहस एवं त्याग, सफेद रंग ईमानदारी, पवित्रता एवं शांति तथा हरा रंग समृध्दि, उर्वरता और विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा सिर्फ राष्ट्रीय प्रतीक ही नही बल्कि एक राष्ट्र की एकता, शक्ति, विचार और उद्देष्य का प्रतीक होता है। हमारा आज का बढ़ाया हुआ हर कदम हमारी कल की दषा और दिषा निर्धारित करता है। स्वाधीनता के 75 वें महापर्व श्आजादी का अमृत महोत्सवश् में हमारे लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि हमारा हर निर्णय ऐसा हो जो अगले 25 साल के अमृत काल में हमारे सपनों के भारत का निर्माण कर सके। सुई से सेटेलाइट और रूई से राकेट तक**

**का सफर हमने अब तक पूर्ण चेतना के साथ तय किया है, किंतु ये उपलब्धियां हमारी आतंरिक उड़ान भर है। आजादी के अमृत काल के लिए हमारा एक ही संकल्प होना चाहिए कि हम राष्ट्र हित में समर्पित हो जाये एवं एक स्वर्ण राष्ट्र का निर्माण कर पुनः विष्व गुरू का स्थान प्राप्त कर सके। इन सबके लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका षिक्षा की है। षिक्षा को उत्कृष्ट स्तर पर पहुंचाने में नई षिक्षा नीति महत्वपूर्ण साबित होगी।**

**महाविद्यालय परिवार के द्वारा देष की रक्षा में शहीद हुए महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों शहीद निरीक्षक, विनोद ध्रुव, शहीद एपीसी नारद निषाद, शहीद आरक्षक थानसिंह, शहीद महेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं शहीद सहायक प्लाटून कमांडर नारद राम निषाद को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रध्दांजलि दी गयी। इसके पश्चात् महाविद्यालय के एन.सी.सी एवं एन.एस.एस. छात्र एवं छात्रा विंग के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए गए।**

**कार्यक्रम में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ही बड़ी संख्या में एन.सी.सी, एन.एस.एस. एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।**





***Date 19 octu 2022***

***जिला स्तरीय युवा महोत्सव में साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।***

**साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई ने नेहरू युवा केंद्र के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में लोक नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।**

**उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सभी प्रकार की विधाओं में भाग लेते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए।**

**एनएसएस के छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न विधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में साइंस कॉलेज दुर्ग के विद्यार्थी रौनक कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लोक नृत्य में साइंस कॉलेज दुर्ग के एनएसएस विद्यार्थियों मोरध्वज, रोशन की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।**

**यह प्रतियोगिता पूरे दुर्ग जिले के युवाओं के लिए आयोजित थी। जिसमें नृत्य, गायन, भाषण, फोटोग्राफी आदि विधाओं में प्रतियोगिता थी।**

**समारोह में क्षेत्रीय विधायक संसदीय सचिव श्री अरुण वोरा जी बीजेपी सांसद श्री विजय बघेल जी समारोह में उपस्थित थे।**

**इस उपलब्धि के लिए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ओ पी गुप्ता, डॉ ए के खान, राजेंद्र चैबे , डॉ अनुपमा अस्थाना, आईक्यू एसी प्रभारी डॉ जगजीत सलूजा,डॉ अभिनेष सुराना, छात्रा इकाई प्रभारी डॉ मीना मान आदि सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।**




***Date 19 October 2022***

***आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एनएसएस एवं एनसीसी इकाई ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 की थीम पर दौड़ते हुए फिट रहने दिया संदेश***

**साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस एवं एनसीसी इकाई ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 दौड़ते हुए लोगों को फिट इंडिया फ्रीडम रन का संदेश दिया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत श्फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0श् का संदेश लोगों तक पहुंचाने तथा उन्हें स्वस्थ रहने के संदेश के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने एनएसएस एवं एनसीसी टीम को हरी झंडी दिखाई। उसके बाद 100 मीटर की मैराथन दौड़ लगाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में एनएसएस एवं**

एनसीसी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के खेल मैदान में नारे तथा श्लोगन बोलते हुए स्वस्थ रहने संदेश दिया।

प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने पढ़ो और खेलो थीम पर बात रखते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए जीवन में पढ़ाई के साथ खेल एवं व्यायाम भी आवश्यक है ।

कार्यक्रम में एनएसएस छात्र इकाई के प्रभारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे माह एनएसएस के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। जिसमें गांव व शहरों में लोगों को एनएसएस स्वयं सेवक जागरूक करेंगे।

इस फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एल के भारती, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान, एनसीसी मेजर डॉ सपना शर्मा , एनसीसी अधिकारी प्रो प्रशांत दुबे उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

सभी एनएसएस स्वयं सेवकों के साथ डेनिल, प्रशांत, पारस, चैतन्य, अंकित, नंदलाल, प्रतिभा आंचल, सृष्टि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



*Date 21 October 2022*

***पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि***

साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई , क्रीड़ा विभाग ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साइंस कॉलेज दुर्ग में पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस के शहीद जवानों को नमन करते हुए उन्हें याद किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने शहीद जवानों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि हमें देश को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए तथा विघटनकारी शक्तियों को अपने मसूबों पर कामयाब नहीं होने देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

जिन पुलिस जवानों ने अपनी जान देश के लिए कुर्बान किए हैं उन्हें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ये सभी शहीद जवान शहीद नारद निषाद, शहीद थानसिंह, शहीद विनोद ध्रुव, शहीद प्रधान आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह साईंस कॉलेज दुर्ग के विद्यार्थी रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के बहुत से अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार पांडे, डॉ जी एस ठाकुर, डॉ के पद्मावती, डॉ राकेश तिवारी, डाॅ.प्राची सिंह, डॉ आर एस सिंह, डॉ प्रेरणा कटाने, डॉ श्रीराम कुंजाम, डॉ सतीश कुमार सेन, विजय लक्ष्मी नायडू, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप प्रो मोतीराम साहू एवं रोहित राजपूत उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर शहीदों को याद किया। एनएसएस स्वयं सेवकों में डेनिल, पारस, सतेक, मृदुल, मोरध्वज ने इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




***Date 31 October 2022***

***साइंस कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन***

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ आरएन सिंह द्वारा सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि उन्हें लौह पुरुष क्यों कहा गया। अपने मजबूत इरादों से बिना रक्त बहाए सभी रियासतों को भारत संघ में विलीन कराकर देश को एकता के सूत्र में पिरोया इसलिए उन्हें लौह पुरुष की संज्ञा दी जाती है। आगे उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि हम सब जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर अपने देश के बारे में सोचें तभी हमारा देश आगे बढ़ सकेगा।

वक्ता रूप में उपस्थित इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार पांडे ने झंडा सत्याग्रह तथा बारडोली सत्याग्रह आंदोलन की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि इन सफल सत्याग्रह आंदोलन

**में शामिल महिलाओं द्वारा उन्हें सरदार की उपाधि दी गई। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन की कई घटनाओं का उल्लेख कर उनके कर्तव्य के प्रति निष्ठा के बारे में बताया।**

**राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शकील हुसैन ने इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की विविधता ही इसकी ताकत है, इसके निवासियों के विविध रूप, रंग, वेश भूषा, खान पान ,भाषा और संस्कृति ही इसकी विशेषता है इसके बाद भी हम एक है यही सोच हमारे देश की एकता को प्रदर्शित करता है। और इसे एक राष्ट्र के रूप में एक बनाता है।उन्होंने राष्ट्र की अवधारणाओं पर प्रकाश डाला, और नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में भी बताया।**

**एनएसएस छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान ने भी अपने विचार राष्ट्रीय एकता के विषय में**

**रखे ।**

**कार्यक्रम के संयोजक एनएसएस छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि देश की एकता के लिए युवाओं को सदैव तत्पर रहना चाहिए। हम एक भारत बनेंगे तभी श्रेष्ठ भारत का निर्माण होगा ।**

**इस अवसर पर कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ रश्मि गौर, डॉ राजेश्वरी जोशी तथा बड़ी संख्या में राजनीति विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी उपस्थित थे।**

**कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस स्वयं सेवक पारस, वेदांश, प्रशांत, मृदुल, सतेक एवं भारती वर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।**

**कार्यक्रम के अंत में प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं श्रोताओं के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शित किया।**







*Date 16 November 2022*

***साइंस कॉलेज दुर्ग की "एनएसएस" इकाई ने निकाली मतदान जागरूकता रैली***

**साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई ने मतदान जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय से रायपुर नाका तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉआर एन सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से एनएसएस विद्यार्थियों ने नारे एवं गीत बोलते हुए रैली निकाली जिसमें रायपुर नाका के निवासियों ने एनएसएस स्वयं सेवकों का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर अर्थ शास्त्र विभाग के डॉ एल के भारती ने एनएसएस स्वयं सेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान के नेतृत्व में एनएसएस स्वयं सेवकों ने नारों तथा गीतों से मतदान पर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर रायपुर नाका के निवासी गण भी सम्मिलित हुए जिसमें श्री सलीम अहमद सहित आंगन बाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रायपुर नाका के जैतखंभ चैक पर एनएसएस स्वयं सेवकों ने मतदान के महत्त्व पर एक नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया जिस पर लोगों ने बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दी।

इसके बाद महाविद्यालय गेट पर मानव श्रृंखला का निर्माण कर लोगों को जागरूक कर एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी एनएसएस स्वयं सेवकों ने बहुत मेहनत की जिसमें मृदुल, सतेक , खुमेंद्र, ढालेंद्र , घनश्यामसहित वरिष्ठ स्वयं सेवकों ने दल का प्रतिनिधित्व किया।







*Date 29 November 2022*

***रक्तदान एकजुटता, मानवता एवं दृढ़ता का प्रयास है***

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में दिनांक 28.11ः2022 को शहीद वीरनारायण सभागार में "एन.एस.एस" ,यूथ रेडक्रास, रेड रिबन क्लब,. एवम, एन.सी.सी. एवं दुर्ग जिला चिकित्सालय एवं ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच एवं रक्तदान षिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राज आड़ित्य, नव दृष्टि फाउंडेषन भिलाई/दुर्ग आमंत्रित थे। कैम्प का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा.ॅअनुपमा अस्थाना द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का सम्मान रेडक्रास प्रभारी डा.ॅतरलोचन कौर के द्वारा किया गया। श्रीराज आड़्त्यि जी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए ब्लड डोनेषन एवं उसका महत्व बताया उन्होंने कहा कि डोनर का वजन 45 किग्रा एवं हीमोग्लोबिन 12.5 से अधिक होना चाहिए एवं अधिक से अधिक रक्तदान कर समाज

सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रभारी प्राचार्य डाॅ. अनुपमा अस्थाना ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उक्त षिविर को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। दुर्ग जिला चिकित्सालय के नोडल अधिकारी डाॅ. पी.के. अग्रवाल एवं उनकी मेडिकल टीम ने छात्र-छात्राओं का रक्त जांच एवं रक्तदान में अपना सम्पूर्ण सहयोग दिया।

रक्तदान कार्यक्रम में रेडरिबन नोडल अधिकारी डाॅ. तरलोचन कौर, एन.सी.सी. अधिकारी डाॅ. सपना शर्मा, डाॅ. प्रषांत दुबे, एन.एस.एस. अधिकारी डाॅ. मीना मान, प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान, डाॅ. अंषुमाला चन्दनगर, एमएसडब्ल्यू से डाॅ. निषा गोस्वामी एवं तीनों विंग्स के स्वयं सेवकों के सहयोग से षिविर में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 74 यूनिट रक्तदान कर ब्लड बैंक को सौंपा गया। डाॅ. मीना मान, डाॅ. निषा गोस्वामी, विपुल हरमुख एवं ओंकार साहू द्वारा रक्तदान किया गया। मुकेष दिल्लीवार, प्रिषिता ताम्रकार, निखिल, आलोक, ओम प्रकाष, वंदना, प्रगति, मिनाक्षी, पारस एवं अन्य स्वयं सेवकों द्वारा षिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्तदाताओं को रक्त दान देने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डाॅ. आर.एन. सिंह, आईक्यूएसी संयोजक डाॅ. जगजीत कौर सलूजा ने सभी को उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए बधाई दी। महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डाॅ. आर.के. चैबे, डाॅ. षिखा अग्रवाल, डाॅ. अनिल मिश्रा, डाॅ. सोमाली गुप्ता, डाॅ. सुचित्रा गुप्ता, डाॅ. आर.एस. सिंह, डाॅ. सतीष सेन एवं अन्य प्राध्यापकों ने भी उक्त षिविर में उपस्थित होकर बधाई दी।





***Date 09 december 2022***

***सात दिवसीय विशेष शिविर एक झलक***

**अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्री उत्तम तिवारी ने समा बांधा**

साइंस कॉलेज दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में छत्तीसगढ़ी लोककला कार श्री उत्तम तिवारी ने ग्राम पीपलछेड़ी में बहुत सुंदर प्रस्तुति दी ।
उन्होंने सबसे पहले राज गीत अरपा पैरी के धार गाकर के लोगों को मन मोह लिया ।
लोगों ने उनके हर गीत में साथ दिया तथा खूब तालियां बजाईं।

उनकी प्रस्तुति के बाद छत्तीसगढ़ के कॉमेडियन संतोष निषाद जी ने अपनी कॉमिक अंदाज से लोगों का मन मोहा ।इसके साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मोरध्वज साहू ने संतोष निषाद एवं अर्जुन परमार जी के साथ जुगलबंदी की।

इस मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा ने खूब आनंद लिया।

इसके बाद पूरे गांव के लोगों ने उनको सम्मानित किया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अपने राष्ट्रीय सेवा योजना की करतल ध्वनि से उनका सम्मान किया विदित हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पिपरछेड़ी में आयोजित हुआ है जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्रसिद्ध हस्ती प्रतिदिन पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं । अपनी कला के माध्यम से वह नशा मुक्ति कथा लोक जागरण का संदेश देते हैं ग्राम पीपलछेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इसी प्रकार से जन जागरण का कार्य कर रहे हैं । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएन सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान के नेतृत्व में यह शिविर सात दिवस का शिविर लगाया गया है ,जिसमें विद्यार्थी गांव में रहकर जीवन जीने की कला सीखते हैं।

यह रासेयो योजना महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित है जिसमें वे कहते हैं कि भारत गांवों में बसता है ।

इसलिए एनएसएस स्वयं सेवक गांव में जाकर सेवा का कार्य करते हैं ।

संत विनोबा भावे जी भी यही कहा करते थे कि ग्राम सेवा राष्ट्र सेवा के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि भारत गांवों का देश है।

कार्यक्रम में गांव के सरपंच श्री बाल किशन ठाकुर जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी ठाकुर अंजली ठाकुर सरस्वती ठाकुर हेमंत निषाद नरसिंह निषाद की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रजनीश उमरे ने किया। गांव के लोगों ने कार्यक्रम में पूरा सहयोग किया।





*Date 12 december 2022*

***साइंस कॉलेज दुर्ग के "राष्ट्रीय सेवा योजना" एव राजनीति विज्ञान विभागने मानव अधिकार दिवस पर आयोजित किया व्याख्यान***

**साइंस कॉलेज दुर्ग के राजनीति विज्ञान विभाग एवं एनएसएस इकाई ने मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को मानव अधिकार के विषय पर सभी विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सबको अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए। इतिहास विभाग से डॉ अनिल कुमार पांडे ने इस विषय पर विद्यार्थियों को मानवाधिकार दिवस का इतिहास बताया। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शकील हुसैन ने अपने व्याख्यान में कहा कि मानव अधिकार के संरक्षण के लिए संविधान में सम्मिलित आर्टिकल पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्राचार्य ने मानव अधिकार दिवस पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ ग्रहण कराया। इसके बाद एनएसएस स्वयं सेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों मानव अधिकार के प्रति जागरूक किया।**

**इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री थान सिंह वर्मा, डॉ जीएस ठाकुर, डा ॅ. संजू सिन्हा, रजिस्ट्रार आशुतोष साव, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जनेंद्र कुमार दीवान, प्रो मोतीराम साहू तथा मुख्य लिपिक संजय यादव सहित बहुत से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।**

**कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवक पारस ,मृदुल, प्रशांत सतएक मिर्चन सहित बहुत से विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।**



***Date 14december 2022***

***राष्ट्रीय सेवा योजना षिविर में महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकारों पर विधिक जानकारी***

**राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन था। यह शिविर ग्राम खपरी-सिलोदा में आयोजित किया गया है। शिविर में कुल 45 स्वयं सेविकाऐं उपस्थित है। आज शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम साईंस का ॅलेज दुर्ग के प्राचार्य डा ॅ. आर.एन. सिंह के साथ रासायनिक विभाग की विभागाध्यक्ष डा ॅ. अनुपमा अस्थाना तथा भौतिक विभाग की विभागाध्यक्ष डा ॅ. जगजीत कौर सलूजा द्वारा किया गया, जहा ॅं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा ॅ. मीना मान ने प्रतिवेदन पढ़ा एवं शिविर में होने वाले परियोजनाओं से सभी को अवगत कराया। सभी प्रोफेसरों ने स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। आज शिविर में कल्याणी नशा मुक्ति केन्द्र से श्री अजय कल्याणी एवं रक्षा टीम ने**

सभी स्वयं सेविकाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकारों से अवगत कराया। सभी स्वयं सेविकाओं ने अद्भुत उत्साह का प्रदर्शन करते हुए परियोजना कार्य में जल संरक्षण भी किया।

चैथे दिन साईंस काॅलेज दुर्ग के प्राध्यापक डाॅ.सपना शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान सिकलिंग बिमारी के बारे में बताया साथ ही उससे बचाव तथा उपचार के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में दुर्ग न्यायालय से शासकीय अधिवक्ता श्री बालमुकुंद चन्द्राकर ने स्वयं सेविकाओं एवं ग्राम वासियों का विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की। उनके साथ शासकीय न्यायालय से जाहिदा परवीन, संतोष कुमार, चंदू साहू और ललित देशमुख ने भी विधिक संबंधित कई तरह की जानकारी प्रदान की। शाम में दुर्ग जिला के जिला संगठक डाॅ.विनय शर्मा ने स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन किया एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में साईंस कालेज दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डाॅ.मीना मान एवं शिविर में मौजूद सभी 47 स्वयं सेविकाओं का विशेष योगदान रहा।




***Date 14 january 2023***

***साइंस कॉलेज दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साइकल रैली का आयोजन***

साइंस कॉलेज दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साइकल रैली का आयोजन किया गया। पूरे देश में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के उपलक्ष्य में साइंस कॉलेज दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने लोगों को सदैव युवा रहने के लिए साइकल रैली का आयोजन कर साईकिल का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

साइकल के प्रयोग से जहां ऊर्जा की बचत होती है वही शरीर भी स्वस्थ रहता है इसलिए हमें नियमित रूप से यथासंभव साईकिल का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजेंद्र चैबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया । इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित कर उत्साह बढ़ाया।इसके पश्चात प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जनेन्द्र दीवान के नेतृत्व में साइकिल रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के जयघोष और नारों के साथ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय पहुंची। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में कुलसचिव श्री भूपेंद्र कुलदीप डॉ प्रीता लाल ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सब युवा हैं और युवाओं के प्रेरणा

स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की आज जयंती है। इस अवसर पर आप सभी संकल्प लें राष्ट्र और समाज के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे।

इसी के साथ उन्होंने रैली को वहां से मालवीय नगर चैक के लिए रवाना किया । आगे रायपुर नाका होते हुए यह रैली मालवीय नगर होकर वापस महाविद्यालय पहुंची।

महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के योगदान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,संस्कृत विभाग, योग विभाग, वनस्पति शास्त्र, मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए के खान, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ शकील हुसैन, डॉ राकेश तिवारी, डॉ प्राची सिंह, डॉ नीरा सिंह, डॉ शैलेश चंद्राकर इस अवसर पर उपस्थित थे। एनएसएस अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक पारस, मृदुल निर्मल, प्रशांत,सत एक, खूमेंद्र साहू, आशीष,आंचल, आस्था का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।





*Date 30 may 2023*

***साइंस कॉलेज दुर्ग में विश्व पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन***

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विश्व पर्यावरण संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनुपमा अस्थाना के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो.जनेंद्र कुमार दीवान के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भाव लाने हेतु लोगों से अपील की गई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनुपम आस्थाना ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का बड़ी जिम्मेदारी से निर्वहन कर रहे हैं जो प्रशंसा योग्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी हमेशा पर्यावरण एवं समाज के प्रति सेवा का भाव रखते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदना एवं संरक्षण का भाव उत्पन्न करता है ।महाविद्यालय के परिसर में स्वच्छता हरियाली बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी हमेशा तत्पर रहते हैं इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं ।इसी के साथ उन्होंने महाविद्यालय परिसर में अनावश्यक बिजली या पंखे चलते रहने के प्रति जागरूक किया कि वे अपनी कक्षा में चल रहे अनावश्यक बिजली व पंखे बंद रखें ।

वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ विजयलक्ष्मी नायडू ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि युवा ही प्रकृति एवं पर्यावरण को बचा सकते हैं। हमारे युवाओं में इसके प्रति उत्साह एवं जागरूकता दिखाई देती है यह हमारे लिए गर्व की बात है। डॉ प्रदीप जांगड़े ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कहा कि वह सदा राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी संस्थाओं में जुड़ कर समाज के प्रति दायित्वों का निर्वहन करते रहें जिससे उनका और समाज का विकास हो सके। क्रीड़ा विभाग से डॉ लक्ष्मेन्द्र कुलदीप ने बताया कि युवा की सफलता तभी है जब वह समाज और विश्व के लिए कुछ कर दिखाएं। एनएसएस ऐसा ही मंच है जहां हम समाज के प्रति जिम्मेदारी का पालन करते हैं।

राजनीति विज्ञान विभाग से प्रो तरुण कुमार साहू ने विद्यार्थियों को स्वयं से प्रेरित होकर समाज सेवा करने हेतु आवाहन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवक एवं कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने गांव व शहरों में पक्षियों एवं पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं तथा इस वर्ष स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा औरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।





***Date 14 june 2023***

***रक्तदान शिविर का आयोजन***

साइंस कॉलेज की एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के कैडेट्स प्रतिवर्ष महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस वर्ष एनएसएस एनसीसी के स्वयंसेवकों ने 100 से ज्यादा यूनिट का रक्तदान किया

जिसके लिए जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जिला अस्पताल दुर्ग ने साइंस कॉलेज दुर्ग को सम्मानित किया जिसमें एनसीसी मेजर डॉ सपना शर्मा एवं एनएसएस अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के चार एनसीसी कैडेट्स नमन विश्वकर्मा, नारायण साहू, साक्षी वर्मा एवं चंचल ठाकुर ने विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान भी किया। डॉ सपना शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी हम बड़े स्तर पर महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे। प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर एनएसएस एनसीसी कैडेट्स लोगों को रक्तदान करते रहते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने इस सम्मान के लिए एनसीसी, एनएसएस के अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों/कैडेट्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को रक्तदान हेतु शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें सभी ने आवश्यकता पड़ने पर प्रति वर्ष बिना संकोच और लालच के भेदभाव से ऊपर उठकर रक्तदान का संकल्प लिया।




*Date 21 june 2023*

***योग दिवस का आयोजन***

नवम् अंतराष्ट्रीय योगदिवस के अवसर पर 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' थीम पर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में योग दिवस का आयोजन पी.वी. सिन्धु बैडमिंटन हाॅल में सुबह 7.00 बजे किया गया. योगाभ्यास का प्रारंभ योग शिक्षिका नीरा सिंह द्वारा प्रारंभ किया गया. प्रारंभ में योगाभ्यास की शुरूवात सुक्ष्म व्यायामों द्वारा की गई. उसके बाद विभिन्न आसनों जैसे ताड़ आसन, वज्र आसन, भुजंग आसन, अर्धहल आसन, शव आसन का योगाभ्यास किया गया। योग शिक्षिका नीरा सिंह द्वारा इन आसनों के लाभ एवं सावधानियों से अवगत कराया गया एवं तीसरे चरण प्राणायांम से संबंधित क्रियाए की गई और अंत में शांति मंत्र द्वारा योगाभ्यास का समापन किया गया। इस योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डाॅ.अनुपमा अस्थाना एवं समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारियों एवं "एन एस एस "एन.सी.सी., तथा स्पोर्टस के छात्र/छात्रायें योगदिवस में सम्मिलित हुए। योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी लक्षमेन्द्र कुलदीप द्वारा किया गया और अंत में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डाॅ.अनुपमा अस्थाना जी ने स्वास्थ्य और निरोग रहने के लिए योग के नियमित योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी।








***Date 21 june 2023***

***'युवा संगम'***

**साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवक पारस मणि साहू का चयन 'युवा संगम' एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत् नागालैंड दौरे के लिए हुआ है। युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत एक पहल है, युवा संगम का उद्देश्य लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव को मजबूत करना और देश भर के युवाओं के बीच सहानुभूति पैदा करना है। इसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने पारसमणि साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं।**

**एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि छत्तीसगढ़ से 45 युवा एनआईटी नागालैंड के लिए सफर कर रहे हैं। यह एक्सपोजर टूर पांच व्यापक क्षेत्रों के तहत एक व्यापक, बहुआयामी अनुभव प्रदान करेगा।**

**पर्यटन (पर्यटन), परम्परा (परंपरा), प्रगति (विकास), प्रोद्योगिक (प्रौद्योगिकी) और परस्पर संपर्क (लोगों से लोगों का जुड़ाव)। इस युवा संगम चरण में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय**

दुर्ग से बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थी पारसमणि साहू (एनएसएस स्वयंसेवक) को पूरे छत्तीसगढ़ से 1200 छात्रों के बीच नागालैंड दौरे के लिए चुना गया है। वे नागालैंड में साइंस कॉलेज और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में चार संकाय समन्वयक डी.सी. झरिया, बिकेश सिंह, डॉ. मृदु साहू, जया द्विवेदी 45 छात्रों के साथ टीम मैनेजर के रूप में इस दौरे पर हैं।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेंद्र चैबे, डॉ अनुपमा अस्थाना, आईक्यूएसी संयोजक जगजीत कौर सलूजा, डॉ अभिनेष सुराना, एक भारत श्रेष्ठ भारत के महाविद्यालय प्रभारी डॉ वी एस गीते, डॉ अल्का मिश्रा एवं मुख्य लिपिक संजय यादव सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर पारस को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।




*Date 03 july 2023*

***वृक्षारोपण कार्यक्रम***

**साइंस कॉलेज दुर्ग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह के मार्गदर्शन में तथा हेमचंद यादव वि वि दुर्ग के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी अग्रवाल, जिला संगठक डॉ विनय शर्मा की प्रेरणा से कार्यक्रम अधिकारी प्रो.जनेंद्र कुमार दीवान के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में बादाम, कचनार, आम प्रजाति के फलदार तथा छायादार पौधे लगाए गए। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया । जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भाव लाने हेतु लोगों से अपील की गई।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने कहा कि एनएसएस स्वयं सेवक इस वर्ष अधिक से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाने का अभियान चलाएं जिससे पर्यावरण संतुलन के साथ लोगों को पेड़ों की छाया और फलों का भी लाभ मिल सके।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कश्यप,वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ जीएस ठाकुर, भौतिक शास्त्र से डा॰ आर.एस. सिंह, डा॰ श्रीराम कुंजाम, डॉ सतीश सेन, डॉ मोतीराम साहू कामर्स विभाग से डॉ

प्रदीप जांगडे, कंप्यूटर विभाग से डॉ सनत साहू, प्रो दिलीप साहू, डॉ लतिका ताम्रकार, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप उपस्थित थे।

कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने गांव व शहरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम कर रहे हैं तथा इस वर्ष स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा औरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया है। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि हरेली पर्व पर भी बृहद रूप में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा प्राध्यापक पौधों को गोद लेकर उसकी रक्षा का संकल्प लेंगे।

इसके लिए एनएसएस स्वयं सेवक अपने घरों से पौधे की नर्सरी तैयार कर रहे हैं जिसमें वरिष्ठ स्वयं सेवक दुर्गा दास सिन्हा, सत एक मिर्चन, मृदुल निर्मल, रूपेश एवं योगेश बांधे इसमें नेतृत्व कर रहे हैं।




*Date 15 august 2023*

***स्वतंत्रता दिवस के 77वीं वर्षगाॅठ के अवसर पर ध्वजारोहण***

**परिवार एवं षिक्षण संस्थान चरित्र निर्माण की प्रथम पाठषाला**

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्वतंत्रता दिवस के 77वीं वर्षगाॅठ के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डाॅ. आर.एन. सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 76 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् आज हम विष्व गुरू तथा वैष्विक नेतृत्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विष्व के सामने खड़े है। उन्होंने कहा कि तिरंगा फहराना केवल तिरंगे का सम्मान करना नही है बल्कि यह शांति, ईमानदारी, समृध्दि और साहस का प्रतीक है, जिसे हम आकाष की उंचाई तक पहुंचाना चाहते है। अतिथि देवो भवः तथा सर्वे भवन्तु सुखनः के सिध्दांत पर चलने वाले हम भारत वासी सहिष्णु है लेकिन हार मानने वाले नही है। अटल सत्य के साथ इन 76 वर्षों में हमने सुई से चन्द्रयान की दूरी तय की है। हमें आज प्रण करना है कि इस अमृत महोत्सव के पश्चात् जब हम आजादी का शताब्दी वर्ष मनाये तब हमारा देष विष्व में राष्ट्र रत्न के रूप में जगमगाता हुआ हो। उन्होंने षिक्षकों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई षिक्षा नीति ने षिक्षा और कौषल के क्षेत्र में अनेक संभवनायें उपलब्ध करायी है, जिनका हमें उत्कृष्ट दोहन करना है तथा अपने युवा वर्ग को सही राह दिखाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिष्चित करना है। इसके पश्चात् उन्होंने महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों को सामाजिक एवं राष्ट्र उत्थान की शपथ दिलायी। तत्पश्चात् महाविद्यालय परिवार के द्वारा देष की रक्षा में शहीद हुए

**महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों शहीद निरीक्षक, विनोद धु्रव, शहीद एपीसी नारद निषाद, शहीद आरक्षक थानसिंह, शहीद महेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं शहीद सहायक प्लाटून कमांडर नारद राम निषाद को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रध्दांजलि दी गयी। अंत में एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के विद्यार्थियों की रैली निकाली गयी।**

**कार्यक्रम का नेतृत्व मेजर सपना शर्मा सारस्वत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस विंग के संयोजक डा ॅ.मीना मान एवं श्री जनेन्द्र दीवान, श्री मोतीराम साहू एवं क्रीडा विभाग के श्री लक्ष्मेन्द्र कुलदीप का विषेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ही बड़ी संख्या में एन.सी.सी, एन.एस.एस. एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।**





***Date 21 august 2023***

***साइंस कालेज, दुर्ग में राष्ट्रीय सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया***

**शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग ने ्राष्ट्रीय सद्भावना दिवसष् का आयोजन किया। इस अद्वितीय अवसर पर, छात्रों ने सामाजिक सद्भावना और एकता की महत्वपूर्ण भूमिका को साझा करने का प्रयास किया। उन्होंने राष्ट्रीय सद्भावना और एकता के महत्व की प्रेरणा प्राप्त की और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने की प्रेरणा प्राप्त की। इस समारोह में सभी उपस्थित छात्रों ने एक मंच पर एकत्र होकर राष्ट्रीय सद्भावना और एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इसके साथ ही, समाज में सद्भावना और एकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जो आने वाले समय में सशक्त और एकत्रित समाज की दिशा में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. एन. सिंह ने बताया कि सद्भावना दिवस का आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करने का उद्देश्य रखता है ताकि वे अपने विचारों और विचारधाराओं को साझा कर सकें।**

उन्होंने छात्रों को प्रतिज्ञा दिलाया कि सद्‌भावना और एकता के मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता भविष्य में है और छात्रों को इसके प्रति प्रेरित किया। इस के दौरान, विभिन्न कार्यशीलताएँ आयोजित की गईं जैसे कि सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, और सामुदायिक सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए। इस अवसर पर एन सी सी अधिकारी डॉ सपना शर्मा, एन एस एस छात्रा इकाई अधिकारी डॉ मीना मान,एन एस एस छात्र इकाई के अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान, क्रीडा अधिकारी श्री लक्ष्मेंद्र कुलदीप तथा रेड क्रॉस अधिकारी डॉ मोतीराम साहू ने भी अपने अभिभाषणों में छात्रों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें यह समझाया कि उनके भविष्य में सद्‌भावना और एकता के मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एन एस एस और रेड क्रॉस और रेड रिबन , एनसीसी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। जिनमें कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयं सेवक मोरध्वज,सुशील मिश्रा, डेनिस साहू , पुरन पटेल, लोकदीप मिर्चन ,पृषिता, भारती वर्मा, लिलेष्वर, देविका, अनिल, संध्या, खुषबू, रष्मि, यमुना का महत्त्वपूर्ण सहयोग रहा।



***Date 26 august 2023***

***साइंस कॉलेज दुर्ग में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों का किया गया अभिनंदन***

साइंस कॉलेज दुर्ग में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत रासेयो इकाई द्वारा भूतपूर्व सैनिकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती माता की वंदना की गई। उसके बाद सभी अतिथियों का परिचय कराया गया । इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा भूत पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिक श्री सतीश कुमार गाडगे, श्री प्रदीप कुमार थापा एश्री कुमार कन्नौजे एवं साजन कुमार दुबे जी का उन्हें शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ तथा फूल माला से स्वागत कर अभिनंदन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि देश नहीं होगा तो हम कहां होंगे।

देश की सीमाएं देश के सैनिकों के कारण सुरक्षित हैं, उनकी वजह से हम चैन की सांस ले रहे हैं, हमें यह बात को समझनी होगी। सब कुछ देश के लिए अर्पित कर जान की बाजी लगाने का जज़्बा सिर्फ सेना के नौ जवान कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि आज हमारे प्रधान मंत्री देश को विश्व गुरु बनाने की बात कर रहे हैं वो आपकी वजह से।

आप देश की हिम्मत हैं। अपना लक्ष्य बनाएं और आगे बढ़ें ।

**इसी के साथ उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत आवश्यक है।**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवा एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुसार मेरी माटी मेरा देश, वसुधा का वंदन, वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में सैनिकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।**
**यह बहुत ही सराहनीय कार्य है यह कार्यक्रम आप दिल से कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है हमारे सैनिकों के प्रति हमारे मन में सम्मान होना बहुत जरूरी है। डॉ अग्रवाल ने महाविद्यालय के प्राचार्य को उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने अपनी बात स्पष्टता से रखते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज सेवा नहीं है अपितु समाज सेवा करते हुए व्यक्तित्व का विकास करना राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है।**
**डॉ विनय शर्मा ने एनएसएस इकाई को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वह अपने देश और समाज के लिए अपने आप को अनुशासित एवं शिक्षित करें जिससे वह समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।**
**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित डॉ सतीश गाडके  भूतपूर्व सैनिक नौसेना ने अपने संबोधन में बताया कि जीवन में विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल के नियंत्रण में खुद आने की बजाय मोबाइल को अपने नियंत्रण में रखने की बात कही। मोबाइल एक साधन मात्र है आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए। उसका सदुपयोग करें।**
**महाविद्यालय में कार्यरत श्री प्रदीप थापा सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक ने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए सेना में आने हेतु आह्वान किया।**
**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक डा ॅ.रजनीष उमरे, डा ॅ.आषा सोनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के विद्यार्थी उपस्थित थे जिनमें कार्यक्रम को सफल बनाने में मृदुल निर्मल एखुमेंद्र एसत एकए मोरध्वजए सुशीलए पोखराज, भारती वर्मा, आंचल, निमेष देवांगन एवं पूरन पटेल का महत्त्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ! कार्यक्रम का संचालन छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने किया।**
**धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान ने किया!**











***Date 16 september 2023***

***ओजोन दिवस***

**साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन दिवस मनाया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह द्वारा विद्यार्थियों को ओजोन परत के**

संरक्षण पर संबोधन कर शपथ ग्रहण कराया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का सही तरह से पालन करें जिससे पर्यावरण संबंधी समस्या देश और समाज से दूर हो सके।

इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से अनावश्यक रूप से चल रहे रिफ्रेजरेटर, पंखे तथा कूलर इत्यादि को अपने घरों तथा महाविद्यालय में बंद रखने को कहा। इसका ओजोन एवं पर्यावरण पर बड़ा गहरा असर पड़ता है।

सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने प्राचार्य के निर्देशानुसार महाविद्यालय में अनावश्यक रूप से चल रहे बिजली पंखे को बंद करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर इतिहास विभाग से डॉ ज्योति धारकर ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और हम इसे नहीं बदल सकते। इसलिए इसको बचाने का काम हम सब का है।

अर्थशास्त्र विभाग से डॉ अंशु माला चंदनगर ने बताया कि हमें जीवन में अनावश्यक रूप से संसाधनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि डिमांड पर ही चीजों का उत्पादन निर्भर होता है। इससे पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है।

इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग से डॉ रचिता श्रीवास्तव तथा वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ श्रीराम कुंजाम ने ओजोन परत पर अपना विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान देकर सम्बोधित किया।

रेडक्रास प्रभारी डॉ मोतीराम साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर पृथ्वीवासी का दायित्व है कि पर्यावरण समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दें, जिससे हमारी पृथ्वी और हम सब सुरक्षित रह सकं ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक गण उपस्थित थे जिनमें भौतिक शास्त्र विभाग से डॉ. आर एस सिंह, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, मुख्य लिपिक संजय यादव प्रमुख थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पोस्टर निर्माण में एनएसएस स्वयं सेवक लोकदीप, रोहित, सौरभ सहित रेडक्रॉस से स्वयं सेवक हरप्रीत का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.  जनेंद्र कुमार दीवान ने किया।




*Date  08 octuber 2023*

***साइंस कॉलेज दुर्ग में एनएसएस , रेडक्रास एवं एम. एस. डब्लू का इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन***

साइंस कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना,रेड क्रॉस सोसाइटी एवं एमएसडब्ल्यू का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने अपने उद्बोधन से सभी को प्रेरित किया। इस प्रेरण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि महाविद्यालय में सबसे महत्वपूर्ण इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना रेड क्रॉस सोसाइटी है जिसमें जुड़कर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़कर आप समाज सेवा कर सकते हैं अपने घर, संस्था महाविद्यालय तथा पूरे राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। क्योंकि एनएसएस और रेडक्रॉस आपको जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी को यह मालूम होना चाहिए कि आपको नौकरियों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से वेटेज मिलता है इसलिए महाविद्यालय में सभी विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस सोसाइटी से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास करें। पिछले वर्ष महाविद्यालय से दो विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार प्राप्त हुआ था जिसमें मोहम्मद अदनान को छात्र इकाई की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया था इसी प्रकार मोहम्मद अदनान ने गणतंत्र परेड में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। इसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य ने मोहम्मद अदनान को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। रसायन विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ अनुपमा अस्थाना ने विद्यार्थियों को अपने जीवन से समाज और राष्ट्र को आलोकित करने हेतु आवाहन किया उन्होंने बताया कि युवा ही इस देश और समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

गांधी जयंती के उपलक्ष पर भी पूरे महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर एवं रेलवे स्टेशन तथा अन्य स्थानों में स्वच्छता कार्य करके लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसी प्रकार उन्होंने विद्यार्थियों को हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जिससे आप सभी जीवन उपयोगी बहुत सी बातें सीख सकते हैं ,जो जीवन में काम आते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्राचार्य की ओर से सभी विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलायी गयी कि वे अपनी संस्था एवं घरों में अनावष्यक रूप से चल रहे पंखे एवं लाईट्स को बंद रखकर ऊर्जा बचाने में सहयोग दें।

छात्र इकाई के एनएसएस अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि अतिथियों के व्याख्यान के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रास के विद्यार्थियों ने बहुत ही आकर्षक नृत्य एवं गायन से कार्यक्रम

में शमा बांधा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेषकर कर्मा नृत्य, गणेश वंदना एवं सुवा, पंथी तथा राऊत नाचा के द्वारा विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की प्रस्तुत किया।

विभाग अध्यक्ष डॉ अश्वनी महाजन एवं रसायन विभाग के प्राध्यापक डॉ अनुपमा कश्यप ने भी अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष रखें तथा उन्हें बहुत ही प्रेरक बातें बताई। इसके उपरांत रेड क्रॉस प्रभारी प्रो मोतीराम जी ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रेडक्रास सोसायटी के प्रभारी प्रो.मोतीराम साहू ने सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।











***Date 10 october 2023***

***स्वयं सेवक सम्मान***

**एनएसएस साइंस कॉलेज दुर्ग के स्वयं सेवक सम्मानित**

**साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई समाज सेवा के माध्यम से निरंतर लोगों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा शासन की योजनाओं के विषय में जागरूकता लाने का कार्य कर रही है।**

**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी अग्रवाल, जिला संगठक डॉ विनय शर्मा के मार्गदर्शन में साइंस कॉलेज दुर्ग के विद्यार्थी गांव, शहर व कस्बों में अपने सेवा कार्यों से समाज को जागृत कर रहे हैं।**

**साइंस कॉलेज दुर्ग के एनएसएस छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि इस बार इस क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवकों को जनप्रतिनिधियों तथा स्वयं सेवी संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है जिसमें वरिष्ठ स्वयंसेवक एमएससी के छात्र सत एक मिर्चन को विगत माह ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक, बेमेतरा द्वारा दस हजार रुपए के द्वारा सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एनएसएस स्वयं सेवक मृदुल निर्मल एवं जिला प्रषासन दुर्ग द्वारा सम्मानित किया गया।**

**इसी प्रकार राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में मृदुल निर्मल तथा मिनेश यादव को भी समाज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रायपुर में सम्मानित किया गया।**

**इसी प्रकार महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक अपने जन्म दिन पर वृक्षारोपण एवं रक्तदान कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण तथा रक्तदान जीवन दान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।**

**इस वर्ष 100 यूनिट से भी ज्यादा रक्तदान एनएसएस एवं रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर किया है जिसके लिए यूनिट को जिला अस्पताल दुर्ग से सम्मानित भी किया जा चुका है।**

**इसी प्रकार खुमेंद्र,मो अदनान, तथा मोरध्वज भी सेवा कार्यों से शासन की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इस प्रकार एनएसएस स्वयं सेवक साइंस कॉलेज दुर्ग के विद्यार्थी सेवा के माध्यम से समाज में अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं।**

**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेंद्र चैबे, डॉ अनुपमा अस्थाना, डॉ जगजीत सलूजा, डॉ अभिनेष सुराना  मुख्य लिपिक संजय यादव सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने सभी सम्मानित स्वयं सेवकों को सम्मानित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं।**








***Date 18 october 2023***

***विस्तार गतिविधि संकलित ज्ञान का आदान-प्रदान***

**शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कार स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी एवं संस्कृत विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा विस्तार गतिविधि के तहत औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षा स्वास्थ्य एवं संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**विस्तार गतिविधि से तात्पर्य संकलित ज्ञान का आदान-प्रदान के माध्यम से विस्तार करना है, जिसके तहत महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी गांव के विद्यालयों में पहुंचकर आयोजन के उद्देश्य को चरितार्थ करते हैं।**

**महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रसमड़ा विद्यालय के विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस, मोबाइल के दुष्प्रभाव तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अध्ययन के विविध क्षेत्रों की जानकारी दी।**

**स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। देश-भक्ति सामाजिक-दायित्व तथा मतदाता-जागरूकता पर महाविद्यालय के मृदुल निर्मल, मो.सारिक, हरीश साहू एवं मो. आदिल ने भावपूर्ण काव्य पाठ किया। महाविद्यालय की छात्राओं सुमन एवं रंजना ने स्त्री-जनित स्वास्थ्य समस्याओं पर विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया। अपने शिक्षकों की प्रेरणा से रसमड़ा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, लोक नृत्य तथा शास्त्रीय नृत्य से विद्यालय प्रांगण में उपस्थित दर्शकों एवं विद्यार्थियों को मंत्र मुग्ध कर दिया।**

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अभिनेष सुराना ने हिन्दी के महत्व तथा हिन्दी विषयक रोजगार पर विस्तार से जानकारी दी। संस्कृत के विभागाध्यक्ष जनेन्द्र**

दीवान ने संस्कृत की प्राचीनता तथा प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत से शिक्षित व्यक्ति के लिए कभी भी रोजगार की समस्या नहीं होती, संस्कृत रोजगार का द्वार है। रसमड़ा विद्यालय के प्राचार्य एम.एल. चंदेल ने विस्तार गतिविधि के लिए रसमड़ा विद्यालय के चयन के लिए महाविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

उक्त संपन्न कार्यक्रम में रसमड़ा विद्यालय के व्याख्याता श्रीमती एन.जोशी, श्रीमती आर.दहरे, श्रीमती बी.बंजारे, श्रीमती एम.मांडवी श्रीमती एस.हुमने, श्रीमती व्ही.वर्मा, श्री व्ही.एल.नोरके, श्रीमती एन.जोशी तथा महाविद्यालय के डॉ. बलजीत कौर, डॉ. सरिता मिश्रा, डॉ.ओमकुमारी देवांगन, डॉ.शारदा सिंह, डॉ.लता गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय एवं रसमड़ा विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। श्री जे.एस गावरे एवं डॉ रजनीश उमरे ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। श्रीमती एन.व्ही.एस.नलिन ने आभार वक्तव्य दिया।




***Date 31 october 2023***

***प्राचार्य डॉ.. आर.एन. सिंह सेवानिवृत्त विदाई समारोह***

**मेरे सम्पूर्ण कार्यकाल का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय - डाॅ.आर.एन. सिंह**

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में प्राचार्य डाॅ.आर.एन. सिंह का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के द्वारा डाॅ.आर.एन. सिंह को पृथक से सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में भावभीनी बिदाई दी गयी। महाविद्यालय के षिक्षक संघ एवं कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य को भव्य बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एन.एस.एस. एवं एनसीसी के कैडेट्स बैंड के साथ सम्पूर्ण महाविद्यालय में मार्च पास्ट कर उन्हें शुभकामनायें दी। इसके पश्चात् महाविद्यालय के आईक्यूएसी एवं स्वषासी प्रकोष्ठ द्वारा उन्हें भावभानी बिदाई दी गयी और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। षिक्षक संघ द्वारा आयोजित बिदाई समारोह में डाॅ.एम.ए. सिद्दीकी, डाॅ.आर.के. चैबे, डाॅ.अनुपमा अस्थाना, डाॅ.जगजीत कौर सलूजा, डाॅ.अभिनेष सुराना, डाॅ.अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने प्राचार्य महोदय के द्वारा महाविद्यालय के विकास में किये गये कार्यों पर अपने उद्गार प्रकट किये एवं उनके लिए आने

वाले समय में सुखमय एवं समृध्द जीवन की शुभकामनायें दी। महाविद्यालय के कुलसचिव श्री आषुतोष साव ने शाॅल एवं श्रीफल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने प्राचार्य महोदय को शाॅल एवं श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया एवं उनके स्वस्थ्य एवं समृध्द जीवन की कामना की। इसके पश्चात् प्राचार्य डाॅ. आर.एन. सिंह ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में उनके कार्यकाल के 4 वर्ष उनके सम्पूर्ण कार्यकाल के 39 वर्षों से भी ज्यादा अच्छे थे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय की अपनी विषेषतायें है,जो इसे राज्य में सर्वोच्च स्थान पर रखें हुए है। महाविद्यालय में एक सक्षम प्राध्यापकों की टीम है, जो सतत् रूप से महाविद्यालय को अग्रणी रखने में प्रयासरत् है। मेरा सौभाग्य है, कि मुझे इस महाविद्यालय में अपनी सेवाऐं देने का अवसर प्राप्त हुआ एवं इस उत्कृष्ट महाविद्यालय से मुझे सेवा निवृत्ति मिल रही है। उन्होंने अत्यंत भावपूर्ण शब्दों में कहा कि भविष्य में आवष्यकता पड़ने पर इस महाविद्यालय को अपनी सेवाएं देने में मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति होगी। इसके पश्चात् अनेक शुभचिंतकों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी बिदाई दी एवं उनके एवं दीर्घ आयु होने की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय के माता, पिता, पत्नि, पुत्र, पुत्रवधू एवं पुत्री के साथ ही बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डाॅ.ज्योति धारकर, डाॅ.के. पद्मावती एवं डाॅ.सीतेष्वरी चन्द्राकर ने किया।








***Date 20 december 2023***

***विकसित भारत योजनान्तर्गत सपथ ग्रहण***

**साइंस कॉलेज दुर्ग के "राष्ट्रीय सेवा योजना" छात्र इकाई द्वारा विकसित भारत योजनान्तर्गत सपथ ग्रहण करवाया गया,**

**साइंस कॉलेज दुर्ग के एनएसएस छात्र इकाई द्वारा विकसित भारत योजना पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिद्धिकी जी ने सभी विद्यार्थियों को विकसित भारत योजना के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि सबको अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए।**

**महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिद्धिकी , राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जैनेंद्र कुमार दीवान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।**

**कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के सतेक मिरचन, पोखराज, पूरन पटेल, लोकदीप , विनोद ,अनिकेत, का विशेष योगदान रहा।**


कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दुर्ग, दिनांक 20/12/2023

प्रेस विज्ञप्ति

साइंस कॉलेज दुर्ग में विकसित भारत 2047 हेतु संकल्प लिया गया










***Date 26 decmber 2023***

***साइंस कालेज, दुर्ग में मनाया गया वीर बाल दिवस***

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यकम सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोविन्द सिंह के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह जी बाबा फतेहसिंह जी, बाबा अजीत सिंह एवं बाबा जुझार सिंह के बलिदान दिवस की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एस के सलूजा के वक्तव्य से हुआ। डॉ सलूजा ने सिख धर्म की परंपरा बलिदान एवं त्याग की रही है। उन्होंने सिख गुरु तेगबहादुर एवं अन्य गुरूओं की शहादत की महान परंपरा रही है, जिस पर डॉ सलूजा ने विस्तार से वर्णन किया।

स्वशासी परीक्षा नियंत्रक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने कहा कि हम आज वीर बालको की शहादत को स्मरण करने एवं और अध्दांजलि देने के लिए यहां एकत्रित हुये है। इन वीर बालकों ने अपनी छोटी उम्र की परवाह न करते हुये प्रताडनाओं से भयभीत न होते हुए धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया। राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शकील हुसैन ने अपने संबोधन में वीर बाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनकी शहादत से यह शिक्षा लेनी चाहिए कि अन्याय के खिलाफ खड़े होने के लिए सदैव तत्पर रहे। उन्होंने बताया कि सच्चाई के लिए वीर बालकों ने यह शहादत दी थी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.ए. सिद्दीकी ने कहा कि सब का मतलब कायरता नहीं वीरता होती है। वीर बालकों का अदमय साहस पूजनीय है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राकेश तिवारी ने वीर बालकों को श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए अपनी बात रखी तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे जिनमें आईक्यूएसी संयोजक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. ए.के. खान, डॉ. उपमा श्रीवास्तव, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. सोमाली गुप्ता, डॉ तरलोचन कौर, डॉ. बलजीत कौर, डॉ. आर.एस सिंह, डॉ अनिल मिश्रा, डॉ मर्सी जॉर्ज, डॉ. श्रीनिवास देशमुख, डॉ. सतीश सेन, डॉ. अभिषेक मिश्रा एवं एन.एस.एस. कार्यकम अधिकारी, प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान प्रमुख थे।








***Date 29 decmeber 2023***

***साइंस कॉलेज दुर्ग में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया***

**साइंस कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वधान में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।**

**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेडक्रास सोसायटी के स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति हेतु युवाओं को जागरूक किया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिद्धिकी ने सभी प्राध्यापकों, अधिकारी एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण कराया। जिसके अंतर्गत उन्होंने संकल्प लिया कि वे भविष्य में नशे से होने वाली हानियों को जानते हुए स्वयं नशे सेवन संबंधी वस्तुओं जैसे तंबाकू, बीड़ी, शराब और सिगरेट से दूर रहेंगे तथा अपने मित्र, परिजनों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।**

**इस अवसर पर महाविद्यालय के आईक्यूएसी संयोजक डॉ अनुपमा अस्थाना ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. के पद्मावती ने विद्यार्थियों को नशा से होने वाली हानियों के बारे में बताया। डॉ ज्योति धारकर ने बताया कि हमारे युवा नशे के कारण अपनी प्रतिभा का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, यदि वे नशा छोड़ दें तो वह अपने परिवार और समाज को बहुत कुछ दे सकते हैं। इसी प्रकार डॉ अनुपमा कश्यप एवं डाॅ.सुनीता सावरिया ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। वाणिज्य विभाग से डॉ लाली शर्मा ने स्वस्थ समाज के लिए नशा मुक्ति कितनी आवश्यक है इस पर प्रकाश डाला ।**

**राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जनेंद्र कुमार दीवान एवं डॉ मोतीराम साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम निरंतर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाता है जिससे महाविद्यालय को नशा मुक्त रखा जाए इसके लिए महाविद्यालय द्वारा सभी विद्यार्थियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।**

इस विषय में समय पर महाविद्यालय में साहित्यिक समिति द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता जैसे विविध आयोजन किए जाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जागरूकता लाने के लिए छोटे से नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस एवं रेडक्रास सोसायटी के स्वयं सेवक लोकदीप, देवेश, टुकेश्वर, मोहम्मद आदिल, हरीश, शांभवी साहू का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।







*Date 01 jan 2024*

### *साइंस कॉलेज दुर्ग के एनएसएस स्वयं सेवकों ने मनाया बुजुर्गों संग नया वर्ष*

साइंस कॉलेज दुर्ग के एनएसएस स्वयं सेवकों ने बुजुर्गों के साथ वृद्धाश्रम में उनके आशीर्वाद लेकर नया साल मनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .एम ए सिद्दीकी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को  फल बांटकर नया वर्ष मनाया । साइंस कॉलेज दुर्ग के छात्र इकाई के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र दीवान के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने नए वर्ष को बुजुर्गों के साथ मनाने का निर्णय लिया । जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के सानिध्य में समय बिताकर बहुत कुछ सीखा और ज्ञान अर्जन किया । उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी उनके साथ उनके अनुभवों को जाना।

प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि बहुत से बुजुर्ग बच्चों को अपने बीच पाकर बहुत प्रसन्न हुए। कॉलेज के वरिष्ठ एनएसएस स्वयं सेवक सतेक मिर्चन, लोकदीप मिर्चन, शत्रुहन, संदीप एवं मोहम्मद आदिल ने इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रबंधक दीपक कुमार जी से मिलकर भी वृद्धों की समस्याओं को जाना तथा समझा।


राष्ट्रीय सेवा
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
5757+57H, Gokul Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.157533°
Long 81.263391°
01/01/24 04:07 PM GMT +08:00
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
5747+R85, Gokul Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.157398°
Long 81.263412°
01/01/24 04:09 PM GMT +08:00
Google


वृद्धाश्रम में आपका स्वागत है।
मैं नहीं, आप
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
5757+57H, Gokul Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.157697°
Long 81.263171°
01/01/24 04:30 PM GMT +08:00
Google